# मेवाड़ विश्वविद्यालय में टीकाकरण शिविर आयोजित



गंगरार, 12 अप्रेल (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन प्रो. वाईस चांसलर आनन्द वर्धन शुक्ल तथा गंगरार खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक धाकड़, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजकुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में किया गया।

कोरोना महामारी से आमजन को राहत एवं छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रबन्धन द्वारा विश्वविद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के लोगों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित किया, जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के लोगों ने भी टीका लगवा कर अपने को सुरक्षित करने की राह पर कदम बढ़ाया। टीकाकरण हेतु क्षेत्रवासियों को बस द्वारा विष्वविद्यालय में लाया गया जहां कुल 173 लोगों का टीकाकरण किया गया। एएनएम मंजू आचार्य द्वारा विश्वविद्यालय कर्मचारियों तथा आसपास के गांवों के लोगो को टीका लगाया गया। डॉ. नीतू, डॉ. ज्योति, डॉ. फाईक अहमद तथा भौतिक चिकित्सा विभाग के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने टीकाकरण शिविरि का प्रबन्धन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने शिविर का निरीक्षण कर इस प्रकार के प्रयास की सराहना की।

Jannayak 13-04-2021

# मेवाड़ में शिविर, 173 का हुआ टीकाकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ;छैद्द इकाई की ओर से विष्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन प्रो. वाईस चान्सलर आनन्द वर्धन शुक्ल, तथा गंगरार खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक धाकड़, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया। महामारी से आमजन को राहत एवं छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से विष्वविद्यालय प्रबन्धन द्वारा विश्वविद्यालय परिवार के अलावा क्षेत्र के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित किया, जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के लोगों ने भी टीका लगवा कर अपने को सुरक्षित करने की राह पर कदम बढ़ाया। कुल 173 लोगों ने टीका लगवाया।

ए एन एम मन्जू आचार्य द्वारा विश्वविद्यालय कर्मचारियों तथा आसपास के गांवों के लोगों को टीका लगाया गया। डॉ नीतू, डॉ. ज्योति, डॉ. फाईक अहमद तथा भौतिक चिकित्सा विभाग के स्वयं सेवकों के द्वारा इस कार्यक्रम का प्रबन्धन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने निरीक्षण भी किया।

Rajasthan Patrika 13-04-2021

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में टीकाकरण शिविर



गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन प्रो. वाईस चान्सलर आनन्द वर्धन शुक्ल, तथा गंगरार खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक धाकड़, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजकुमार गुप्ता के दिषा-निर्देशन से किया गया। विकराल रूप लेती इस महामारी से आमजन को राहत एवं छुटकारा दिलाने के उद्देष्य से विष्वविद्यालय प्रबन्धन द्वारा विष्वविद्यालय परिवार के अलावा क्षेत्र के लोगों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित किया, जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के लोगों ने भी टीका लगवा कर अपने को सुरक्षित करने की राह पर कदम बढ़ाया। कुल 173 लोगों ने टीका लगवाया। ए एन एम मन्जू आचार्य द्वारा विष्वविद्यालय कर्मचारियों तथा आसपास के गांवों के लोगो को टीका लगाया गया। डॉ नीतू, डॉ. ज्योति, डॉ. फाईक अहमद तथा भौतिक चिकित्सा विभाग के छै के स्वयं सेवकों के द्वारा इस कार्यक्रम का प्रबन्धन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेष गुर्जर ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया एवं प्रयास की सराहना की।

Dainik Navjyoti 13-04-2021

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी में शिविर लगाया 173 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई

भास्कर संवाददाता | गंगरार

मेवाड़ यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से यूनिवर्सिटी कैंपस में कोविड-19 टीकाकरण शिविर लगाया। प्रो. वाइस चांसलर आनंदवर्धन शुक्ल, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक धाकड़, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में शिविर लगाया। शिविर में 173 लोगों ने टीका लगवाया। शिविर स्थल तक लाने के लिए बस की व्यवस्था की। एएनएम मंजू आचार्य ने टीका लगाया। डॉ नीतू, डॉ. ज्योति, डॉ. फाईक अहमद तथा भौतिक चिकित्सा विभाग के स्वयंसेवकों ने सहयोग किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने निरीक्षण किया।

Dainik Bhaskar 13-04-2021